**Title: Problems being faced by postal employees in the country**

**श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) :** माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं देश के डाक कर्मचारियों की ओर आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कहना चाहता हूं कि उनकी समस्याएं बहुत दिनों से लम्बित चली आ रही है। अभी मार्च में पूरे डाक कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की थी। हड़ताल खत्म करने का आह्वान करते हुए डाक सचिव ने उन्हें आश्वासन दिया कि वे 21 दिन में उनकी समस्याओं का निराकरण कर देंगे, लेकिन चार महीने हो गए हैं, अभी तक उनकी समस्याओं का कोई निराकरण नहीं हुआ है।

महोदय, मैं अभी उनके परिसंघ में गया था। मैंने इलाहबाद में कर्मचारियों और उनके संघ के पदाधिकारियों से बात की थी। उनसे बात करने के बाद मुझे उनकी सबसे महत्वपूर्ण मांग जो लगी वह यह कि कर्मचारियों के छठे वेतन आयोग का गठन कर के उन्हें वेतन दिया जाए। दूसरी बात यह है कि बोनस के लिए वेतन की समय-सीमा समाप्त की जाए और डाक विभाग में जो अस्थाई कर्मचारी हैं उन्हें तत्काल नियमित किया जाए। बहुत से परिवार ऐसे हैं जो भुखमरी के कगार पर हैं और ये ग्रामीण डाक सेवकों के परिवार हैं जो सबसे महत्वपूर्ण काम करते हैं। उनके वेतन में कम से कम 50 प्रतिशत महंगाई भत्ते का विलय किया जाए ताकि उनका वेतन इतना हो सके कि वे अपने जीवन की गुजर-बसर कर सकें और अपने जीवन को सुधार सकें और अपने परिवार की देखभाल कर सकें।

महोदय, इन्हीं शब्दों के साथ, मैं डाक कर्मचारियों की इन महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान की ओर भारत सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं और कहना चाहता हूं कि

डाक कर्मचारी हमारे दैनिक जीवन के कम्युनिकेशन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण काम करते हैं।

इसलिए सरकार उनकी तरफ विशेष ध्यान दे और उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण करे।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Dr. Dhirendra Agarwal - Not present.

Shri Chandra Shekhar Dubey - Not present.

Shri Virendra Kumar - Not present.

Shri K. Francis George - Not present.